OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE, JODHPUR EAST (RAJASTHAN)

Rajasthan Police	**DEPUTY COMMISSIONE OF POLICE JODHPUR EAST** **Phone No: - 0291-2650700 (O)** **Email: -sp-jodc-rj@nic.in,** **dcp.east.jodhpur@rajpolice.gov.in**	
Click here to follow us		
dcpjodhpur.east	dcpeastjodhpur	dcpjodhpureast
@jodhpur-east_police	**PRESS NOTE 30-09-2025**	@PoliceJodhpurEast

- **थाना महामन्दिर पुलिस टीम द्वारा नकबजनी की बड़ी वारदात का पर्दापाश**
- **नकबजनी की अन्तर्राष्ट्रीय गैंग का खुलासा**
- **तमिलनाडू निवासी मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार**
- **आरोपी के कब्जे से वारदात में चोरित 23 मोबाईल फोन, 01 लैपटॉप व मूल दस्तावेज बरामद**
- **जब्त सामान का बाजार मूल्य करीब 7 लाख रूपये**

घटना का विवरण–

दिनांक 27.09.2025 को पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व पर प्रार्थी श्री राजेन्द्रसिंह बेडा निवासी कठौती, पुलिस थाना जायल जिला नागौर हाल अध्यापक लेवल द्वितीय कुम्भलगढ़ जिला राजसंमद ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि दिनांक 25.09.2025 को प्रार्थी अपने मित्र दिलीप पालीवाल वगैरा के साथ मानजी का हत्था स्थित जेके ब्याज हॉस्टल में रूका था रात्रि विश्राम के बाद सुबह उठकर देखा तो हॉस्टल से मेरा मोबाईल फोन व मेरा लैपटॉप गायब मिला फिर पता किया गया तो हॉस्टल के अन्य लड़कों के भी मोबाईल गायब थे जो कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गये वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

कार्यवाही पुलिस–

श्रीमान् ओमप्रकाश(IPS), पुलिस आयुक्त महोदय पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में मन् पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्री विरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, श्री प्रतीकसिंह (IPS) सहायक पुलिस आयुक्त, जोधपुर पूर्व द्वारा शहर जोधपुर में विगत दिनों में बढ़ रहे सम्पत्ति सम्बन्धित अपराध जिसमें रात्रि में चोरी सेंधमारी की घटनाओं को गम्भीरता से

लेते हुए घटनाओं पर अंकुश लगाने व अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा–निर्देश दिये गये तथा प्रकरण की गम्भीरता को मध्यनजर विशेष दिशा–निर्देश दिये गये। प्राप्त विशेष दिशा निर्देशों की पालना में श्री देवेन्द्रसिंह देवड़ा नि.पु., थानाधिकारी पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठितसुदा विशेष पुलिस टीम द्वारा तकनीकि संसाधनो, सीसीटीवी फूटेज व अभय कमाण्ड कन्ट्रोल से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मुखबिर मामूर कर चोरी के आरोपी के आने जाने के रूट में पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन करते हुए सीसीटीवी कैमरों का रूट चार्ट तैयार कर परम्परागत पुलिसिंग तथा मुखबिरी तंत्र के जरिये पुलिस टीम द्वारा कडी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आरोपी की पहचान की जाकर **आरोपी गोपाल पेरूमल पुत्र श्री पेरूमल जाति वाडर उम्र 45 साल निवासी– 542, उदयराज पालम, काठपाडी पोस्ट थोटालम पुलिस थाना आम्बूर जिला वैलूर, तमिलनाडू** को रेल्वे स्टेशन जोधपुर के पास से दस्त्याब किया जाकर आरोपी को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 23 मोबाईल फोन, 01 लैपटॉप, चोरी के मूल कागजात बरामद किये गये। आरोपी से अन्य वारदातों के सम्बन्ध में खुलासा हेतू विस्तृत अनुसंधान जारी हैं।

तरीका–ए–वारदात

आरोपी आले दर्जे का चोर हैं जो कि तमिलनाडू का मूल निवासी है जो अपने निवास से ट्रेन के माध्यम से रवाना होकर पुरे भारत वर्ष चोरी की टोह में घूमता रहता हैं। आरोपी रेल्वे स्टेशनों के पास सो रहे यात्रियों, सार्वजनिक स्थानों, होटलों, हॉस्टलों, मेलों तथा जुलुसों से मौका देखकर चोरी की वारदात को अन्जाम देता हैं। आरोपी चोरित कीमती माल सस्ते दामों में बेचकर खुर्द बुर्द कर देता हैं। आरोपी चोरी की वारदातें कर ट्रेन के जरिये अपने राज्य को वापस चला जाता हैं।

प्रकरण हाजा में चोरी करने के बाद आरोपी चोरित माल खुर्द बुर्द करने की टोह में था चूंकि आरोपी बाहर का होने से आरोपी चोरी किये गये मोबाईल व लैपटॉप खुर्द बुर्द करने में असफल रहा तो आरोपी दिनांक 29.09.2025 को ट्रेन के मार्ग से जोधपुर से फरार होने की फिराक में था, इतने में पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब कर लिया गया।

अपराधी का विवरण

गोपाल पेरूमल पुत्र श्री पेरूमल जाति वाडर उम्र 45 साल निवासी– 542, उदयराज पालम, काठपाडी पोस्ट थोटालम पुलिस थाना आम्बूर जिला वैलूर, तमिलनाडू

बरामदगी का विवरण

क्र.म.	मोबाईल	आईएमईआई नम्बर	मैक/कलर
1.	REDMI	864712059971932	BLUE
2.	OPPO	860733058716270	GOLD
3.	VIVO	863816079910654	ORANGE
4.	REALME	868628068048536	SKY BLUE
5.	VIVO	862782071633374	MET BLACK
6.	VIVO	862651050250809	NEVY BLUE
7.	REDMI	864698062583287	SKY BLUE
8.	TECNO	355457452838003	MET BLACK
9.	ONE PLUS	865601070249734	PINK
10.	OPPO	866030055254171	BLUE
11.	SUMSUNG	352659950556297	BLACK
12.	REDMI	869733059501177	SKY BLUE
13.	OPPO	865865065269250	SKY BLUE
14.	SUMSUNG	35795391179360	BLUE
15.	SUMSUNG	35014578112634	GRAY
16.	POCO	8691980567724232	BLUE
17.	NARZO	860229062244755	BLACK
18.	REDMI	867144052212824	SKY BLUE
19.	OPPO	866194065970059	SKY BLUE
20.	ONE PLUS	862301066375097	LIGHT BLACK
21.	VIVO	फोन लॉक हैं।	SKY BLUE
22.	VIVO	फोन लॉक हैं।	BLUE
23.	REALME	फोन लॉक हैं।	GOLD
24.	एक लेपटॉप एचपी(15) सीरियल नं. 5CD410D503		
25.	चोरीत मुल कागजात		

स्वीकार वारदातें

आरोपी आले दर्जे का चोर है जो पुरे भारतवर्ष में घुमन्तु है तथा अलग अलग स्थानों पर चोरीयां करने का आदि हैं, जिनके खुलासे हेतू विस्तृत अनुसंधान/पूछताछ जारी हैं।

पुलिस टीम--

01. श्री देवेन्द्रसिंह निपु थानाधिकारी पुलिस थाना महामन्दिर जोधपुर पूर्व।
02. श्री अमित कुमार सउनि
03. श्री राकेशसिंह सउनि साईबर सैल जोधपुर पूर्व।
04. श्री महावीरसिंह हैड कानि 1713
05. श्री प्रकाश कानि 2551 **(विशेष भूमिका)**
06. श्री रतन गुर्जर कानि 1061 आसूचना **(विशेष भूमिका)**
07. श्री रामप्रकाश कानि 2571
08. श्री सुरेश कानि 2637

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व